पंजाब केसरी 14/09/2025

# जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मेजबान टीम ने लहराया परचम

## विज्ञान हमारे आसपास की दुनिया के बारे में सोचने और प्रश्न करने का तरीका : डा. रोहित दत्त



विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 13 सितम्बर (बलराम): हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मेजबान जी.एम.एन. कॉलेज ने अपना परचम फहराया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जी.एम.एन. कॉलेज, द्वितीय स्थान गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज अम्बाला छावनी, तृतीय स्थान डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर, चतुर्थ स्थान फिर से डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर और पंचम स्थान कल्पना चावला पॉलीटैक्निक कॉलेज अम्बाला शहर की टीम ने हासिल किया। ये पांचों टीमें अब वैज्ञानिक भावना की मशाल को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला अम्बाला का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों की 12 टीमों ने स्क्रीनिंग राउंड में भाग लिया। कड़ी जांच के बाद 8 प्रतिभाशाली टीमों ने मुख्य प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया, जिनमें डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर, कल्पना चावला पॉलीटैक्निक कॉलेज अम्बाला शहर, गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज अम्बाला छावनी, एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला शहर, जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी और गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज शहजादपुर की टीमें शामिल थीं।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विज्ञान के वास्तविक सार पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं और आविष्कारों के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे आसपास की दुनिया के बारे में सोचने और प्रश्न करने का एक तरीका है। इस तरह की प्रतियोगिताएं जिज्ञासा जगाती हैं और युवा मन को नवाचार एवं रचनात्मकता के साथ वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतिभागियों से समाज की प्रगति के लिए अपनी वैज्ञानिक योग्यता को निखारने का आग्रह किया।

प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर डा. शिखा जग्गी ने कुशलतापूर्वक किया, जिनकी आकर्षक शैली ने दर्शकों को बांधे रखा, जबकि डा. मीनू राठी के संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस आयोजन में डा. कुलदीप यादव, डा. एस.के. पांडे, डा. दीपक, अर्चना, राजिंदर मीरवाल, रीतिका राय, जसमिता हांडा और महक तलवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।